प्रभु कर सब दुःख दूर हमारे | By Brahmanand |

प्रभु कर सब दुःख दूर हमारे
शरण पड़े हम दास तुम्हारे
प्रभु कर सब दुःख दूर हमारे

सकल जगत तुमने उपजाया
तुम प्रति पालनहारे
प्रभु कर सब दुःख दूर हमारे
शरण पड़े हम दास तुम्हारे
प्रभु कर सब दुःख दूर हमारे

सकल व्यापक अंतर्यामी
ध्यावत सुर नर मुनिजन सारे
प्रभु कर सब दुःख दूर हमारे
शरण पड़े हम दास तुम्हारे
प्रभु कर सब दुःख दूर हमारे

नाम तुम्हारो सब सुख दायक
सकल दोष भय पाप निवारे
प्रभु कर सब दुःख दूर हमारे
शरण पड़े हम दास तुम्हारे
प्रभु कर सब दुःख दूर हमारे

सच्चिदानंद रूप तुम्हारो
ब्रह्मानंद सदा मन ध्यारे
प्रभु कर सब दुःख दूर हमारे
शरण पड़े हम दास तुम्हारे
प्रभु कर सब दुःख दूर हमारे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%ad%e0%a5%81-%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%b8%e0%a4%ac-%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%83%e0%a4%96-%e0%a4%a6%e0%a5%82%e0%a4%b0-%e0%a4%b9%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-by/